प्रादेशिक समाचार
04.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज; कांग्रेस, झामुमो और राजद ने तेज की रणनीतिक बैठकें, छह जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का रांची दौरा प्रस्तावित।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की श्रम एवं नियोजन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा; युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के दिए निर्देश।

3. पलामू के राजहरा स्टेशन पर कोयला लदी मालगाड़ी के 15 डिब्बे पटरी से उतरे, अप लाइन पर परिचालन पूरी तरह ठप, कई ट्रेनें रद्द, कईयों के मार्ग बदले।

4. दक्षिणी–पश्चिमी मानसून बंगाल की खाड़ी पहुंचा, 15 जून तक झारखंड में दस्तक देने की उम्मीद, पाकुड़ में आंधी–बारिश से भारी तबाही।

5. 15वीं राष्ट्रीय बायथल–ट्रायथल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, स्वर्ण समेत पांच पदक जीतकर बढ़ाया राज्य का मान।

*******************

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज हो गई है। उम्मीदवारों के चयन और चुनावी रणनीति को लेकर इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दलोंकृकांग्रेस, झामुमो और राजद ने अपनी सांगठनिक बैठकें तेज कर दी हैं।

*******************

रांची के पुराने विधानसभा सभागार में आज संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने बैठक में देरी से आने वाले पदाधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई और अनुशासन बनाए रखने की हिदायत दी। राज्यसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों और गठबंधन की रणनीति को लेकर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व पूरी तरह गंभीर है।

*******************

इस बीच झामुमो नेता और मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने गठबंधन के भीतर किसी भी तरह के मतभेद से इनकार करते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव के नामांकन में अभी काफी समय है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दल पूरी तरह एकजुट हैं और सही समय पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए जाएंगे।

*******************

इधर, रांची स्थित राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य भर में संगठन को मजबूत करने के लिए जिलावार दौरे की रणनीति तैयार की गई है।

*******************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगामी छह जून के रांची दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा तैयारियों में जुट गई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि इस दौरे से राज्य में पार्टी के आगामी अभियानों और सांगठनिक विस्तार को नई मजबूती मिलेगी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में चल रही रोजगारोन्मुखी योजनाओं और युवाओं के तकनीकी प्रशिक्षण के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। श्री सोरेन ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कौशल विकास कार्यक्रमों को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप बनाया जाए।

*******************

लातेहार के मनिका में भारी मात्रा में सरकारी दवाइयां फेंके जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ गरीब मरीज अस्पतालों में दवाओं के लिए भटक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जनता के टैक्स के पैसे से खरीदी गईं लाखों रुपये की दवाइयां जंगलों में फेंकी जा रही हैं।

*******************

लोहरदगा में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में आज दिशा की बैठक हुई। उन्होंने जनवितरण दुकानों में पूरा अनाज देने, सदर अस्पताल में डिजिटल बीपी व एक्स–रे मशीनें लगाने और सीएचसी में दवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने सड़कों की गुणवत्ता और प्रभावितों को शुद्ध पेयजल देने को भी कहा।

*******************

धनबाद रेलमंडल के रजहरा स्टेशन के पास कोयला लदी मालगाड़ी के पंद्रह डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे से अप लाइन पर परिचालन ठप है। इसके कारण रांची–सासाराम एक्सप्रेस रद्द कर दी गई है और राजधानी सहित कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। ट्रैक साफ करने का कार्य जारी है।

*******************

मालदा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक अमरेंद्र कुमार मौर्य ने आज गोड्डा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां बन रहा वाशिंग पिट एक महीने में पूरा हो जाएगा, जिससे गोड्डा से लंबी दूरी की नई ट्रेनों का परिचालन शुरू हो सकेगा।

*******************

दक्षिणी–पश्चिमी मानसून बंगाल की खाड़ी पहुंच चुका है, जिसके 15 जून तक झारखंड आने की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य में 8 जून तक वज्रपात और तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में डाल्टनगंज का तापमान सर्वाधिक 41 डिग्री रहा, जबकि गुमला में सबसे अधिक नौ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

*******************

इधर, पाकुड़ जिले में आज तेज आंधी और ओलावृष्टि के साथ हुई तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई है। आंधी के कारण मालपहाड़ी रोड समेत कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे यातायात घंटों बाधित रहा।आपदा में कई कच्चे मकानों की छतें उड़ गईं और पेड़ गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। तेज आंधी और बारिश के दौरान हुए वज्रपात से दो लोगों की मौत भी हो गई है।

*******************

अहमदाबाद में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय बायथल–ट्रायथल चौंपियनशिप 2026 में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। प्रतियोगिता के बायथल स्पर्धा में प्रेम किशोर महतो ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं दीपांशु सिंह और अतासी कुमार ने कांस्य पदक हासिल किए। ट्रायथल स्पर्धा में आरती कच्छप ने रजत और प्रेम किशोर महतो ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया।

********************

झारखंड महिला प्रीमियर लीग में पलामू वॉरियर्स ने छोटानागपुर ब्लास्टर्स को तीन विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छोटानागपुर ब्लास्टर्स ने कप्तान शशि माथुर के पैंतीस रनों की मदद से एक सौ पैंतालीस रन बनाए। जवाब में पलामू वॉरियर्स ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अट्ठारह दशमलव चार ओवरों में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

********समाप्त********